# फार्मास्युटिकल व मेडिकल डिवाइस सेक्टर को वैश्विक बनाने का संकल्प

लखनऊ। राजधानी में चल रहे फार्मा कॉन्क्लेव में राज्य के फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का संकल्प लिया गया। इसके लिए प्रभावी भविष्य की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। सरकार और उद्योग जगत की ओर से विश्वस्तरीय फार्मा इकोसिस्टम निर्माण के लिए प्रतिबद्धता जताई गई।

## यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 ने तैयार किया विकास का रोडमैप

स्थानीय होटल में चल रहे कॉन्क्लेव के बाद शाम को फार्मा उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से राउंड टेबल पर चर्चा की। इसमें प्रमुख रूप से दिलीप सांघवी, पद्म भूषण पंकजआर पटेल, रमेश जुनेजा, सतीश रेड्डी, जिनल मेहता, रामी रेड्डी ए, एमएसएन रेड्डी, आदित्य बर्मन, अमिताभ दुबे, डॉ. कृष्णा मोहन, आईएसआर राव, अनुराग खेरा, विपुल गुप्ता, राज प्रकाश व्यास, अभय रुइया शामिल रहे। इन सभी ने मुख्यमंत्री के साथ फॉर्म औद्योगिक विकास पर चर्चा की। सीएम ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने की दिशा में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। ब्यूरो